दिनांक 30.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

संचार क्रान्ति योजना के ऑनलाईन कार्य का आयुक्त महोदय, द्वारा आकस्मिक निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज निगम के समस्त जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय के प्रत्येक विभाग के कम्प्युटर कक्ष में जाकर संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र के ऑनलाईन किये जाने के कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे तत्काल कम्प्युटर आपरेटरों से इस योजना का कार्य सेपादन करावें अन्य कार्य में संलग्न न करें। मुख्य कार्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ कम्प्युटर आपरेटरों को डाटा सेंटर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आज निगम के सभी जोन 01, 02, 03, 04, 05 व 06 में पहुंचकर आकस्मिक निरीद्वक्षण किया गया। संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों जो शिविर में अपने आवेदन पत्र जमा किये है उनके ऑनलाईन किये जाने के कार्य का स्वयं जायजा लेते हुए आरवश्यक दिशा निर्देश दिये गये सभी जोन आयुक्तों को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त कम्प्युटर आपरेटर संचार क्रान्ति योजना के कार्य में संलग्न रहेंगे उक्त कम्प्युटर आपरेटरों से अन्य किसी भी कार्य न कराई जाये तथा प्राप्त समस्त आवेदन 01 जून तक अनिवार्य रुप से ऑनलाईन की कार्यवाही पूर्ण की जावे। निगम आयुक्त श्री चौहान ने इस संबंध में स्वयं कम्प्युटर ऑपरेटरों से चर्चा कर किसी भी प्रकार की परेशानी होने पी आप लोग मुख्य कार्यालय के डाटा सेंटर में संपर्क स्थापित कर कार्य का संपादन सुचारु रुप से करें।

श्री चौहान निरीक्षण के दौरान शहरी आजीविका केन्द्र पावर हाउस एवं आईसेक्ट नेशनल इस्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र में पहुंचकर केन्द्र के अधिकारियों से चर्चा कर संस्था में चल रही शिक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रापत किये तथा स्वयं कक्षों में जाकर उपस्थित छात्र–छात्राओं से चर्चा की चर्चा के दौरान निगम आयुक्त ने स्कील डेवलपमेंट के संबंध में जानकारी देते हुए उपस्थित छात्र–छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि संचार क्रान्ति योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये जाने वाले स्मार्ट फोन निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे। इसमें लगने वाली सीम भी निःशुल्क दी जावेगी। पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार–प्रसार के बहकावे में न आवे शासन की योजना स्पष्ट है जिसके अंतर्गत स्मार्ट फोन एवं सीम निःशुल्क प्रदाय किया जावेगा।

निगम आयुक्त निरीक्षण के दौरान जोन 01 नेहरु नगर एवं जोन 02 वैशाली नगर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों से भेंटकर सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए समय पर

भुगतान हो रहा है ि कइस संबंध में जानकारी प्राप्त की निगम आयुक्त श्री चौहान के साथ राजस्व अधिकारी श्री एच0के0 चन्द्राकर साथ में रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी